आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 15.12.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का लोगो, शुभंकर, गान, जर्सी और मशाल लांच किया।
- विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो का दसवां संस्करण आज देहरादून में संपन्न हुआ।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने फरीदाबाद में ज्ञान महाकुंभ–2081 की संकल्पना पर आयोजित संगोष्ठी में प्रतिभाग किया।
- रुद्रप्रयाग जिले के अगस्तमुनि स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तार किया जाएगा।

राष्ट्रीय खेल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने आज देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का लोगो, शुभंकर, गान, जर्सी और मशाल लांच किया। कार्यक्रम में खेल मंत्री रेखा आर्य, आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा और स्थानीय विधायक उमेश शर्मा काऊ भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन प्रदेश में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक किया जाना है। देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, रुद्रपुर और हल्द्वानी में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय खेलों में कुल 36 खेल गतिविधियां होंगी, जिनमें 32 स्वीकृत और चार प्रदर्शनी खेल शामिल हैं। प्रदर्शनी खेलों के जरिए प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाया जाएगा। राष्ट्रीय खेलों को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए सरकार और शासन स्तर पर सभी तैयारियां की जा रही हैं। खेलों के दौरान खिलाड़ियों को उत्तराखंड के पारंपरिक मोटे अनाज के व्यंजन परोसे जाएंगे।

विश्व आयुर्वेद कांग्रेस

उत्तराखंड में आज विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो का दसवां संस्करण संपन्न हुआ। इस विश्व स्तरीय आयोजन में रिकॉर्ड 12 हजार प्रतिनिधियों की भागीदारी दर्ज की गई है। इस आयोजन में 54 देशों ने हिस्सा लिया। जिसमें 300 विदेशी प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर आयुष के प्रति अपना प्रेम प्रदर्शित किया। गौरतलब है कि पिछले साल गोवा में आयोजित नौवें संस्करण में 5 हजार 102 प्रतिनिधियों ने पंजीकरण कराया था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो के सफल आयोजन के लिए देश–विदेश से आए प्रतिनिधियों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि आयुष भूमि उत्तराखंड में महत्वपूर्ण चर्चाएं हुई हैं, जिसके दूरगामी परिणाम सामने आएंगे।

ज्ञान महाकुंभ–2081

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज हरियाणा के फरीदाबाद स्थित मानव रचना विश्वविद्यालय में ज्ञान महाकुंभ–2081 की संकल्पना पर आयोजित संगोष्ठी में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डॉ रावत

ने कहा कि इस गोष्ठी में होने वाला विचार–विमर्श भारतीय शिक्षा के उत्थान और संस्कृति पर आधारित शिक्षा प्रणाली के निर्माण के लिए नये मार्ग प्रशस्त करेगा। गोष्ठी में ''भारतीय शिक्षाः राष्ट्रीय संकल्पना'' विषय पर गहन मंथन और संवाद हुआ। चिंतन बैठक में कई विद्वान शिक्षाविदों ने भारतीय शिक्षा प्रणाली की चुनौतियों और संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

रुद्रप्रयाग जिले के अगस्तमुनि स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तार किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने आज स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने केदारनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के बाहर सड़कों पर साफ–सफाई रखने और अस्पताल से जुड़ी सभी समस्याओं के समाधान के भी निर्देश दिए।

हेमवती नंदन बहुगुणा खेल स्टेडियम

अल्मोड़ा जिले के हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में अब रात्रि में भी खेल अभ्यास और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। रात्रिकालीन खेल प्रतियोगिताओं के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत स्टेडियम में फ्लड लाइट/हाई मास्ट लाइट लगाने की घोषणा की है, जिसके लिए खेल विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिला क्रीड़ाधिकारी महेशी आर्या ने बताया कि स्टेडियम में हाई मास्ट लाइट लगाने के लिए शासन ने एक करोड़ तिरसठ लाख रुपये स्वीकृत किए हैं।

केयर शेल्टर

देहरादून के साधुराम इंटर कॉलेज में आधुनिक केयर शेल्टर का निर्माण कार्य गतिमान है। भिक्षावृति उन्मूलन अभियान के तहत भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर उनका भविष्य को संवारने के लिए केयर शेल्टर का निमार्ण किया जा रहा है। इस शेल्टर में बच्चों के लिए रहने, खाने, खेलने और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

अनुसूया देवी मेला

चमोली जिले के मंडल घाटी में स्थित अनुसूया देवी मंदिर में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में स्थानीय लोगों के साथ ही देश–विदेश से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। मेले का उद्घाटन करते हुए स्थानीय विधायक लखपत बुटोला ने कहा कि मेला प्रदेश की संस्कृति और धार्मिक अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अनुसूया मेले को और अधिक भव्य रूप से मनाने के साथ ही मंदिर का भी विकास किया जाएगा। श्री बुटोला ने विधायक निधि से मंदिर के लिए तीन लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

शुद्ध लाभ

देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2023–24 में अब तक का लगभग एक लाख 41 हजार करोड रूपये का सबसे अधिक शुद्ध लाभ अर्जित किया है। इस दौरान सकल गैर निष्पादनकारी परिसंपत्तियों का अनुपात घटा है। इस वर्ष सितम्बर में यह अनुपात तीन दशमलव एक–दो प्रतिशत दर्ज किया गया। मार्च 2018 में यह अनुपात 14 दशमलव पांच आठ प्रतिशत था।

चैकिंग अभियान

प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। इसी कड़ी में दून पुलिस ने पिछले 3 दिनों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 618 युवाओं के खिलाफ चालान की कार्रवाई की है। चालान प्रक्रिया के दौरान पुलिस ने युवाओं के परिजनों से बात कर उन्हें युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, अल्मोड़ा जिले की थाना सल्ट पुलिस टीम ने आज टैक्सियों, बसों और दोपहिया वाहनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने चालकों/परिचालकों और यात्रियों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। गौरतलब है कि जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

खैनुरी गांव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली के खैनुरी गांव में माता–पिता को खो देने के बाद अनाथ हुए तीन बच्चों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। मामला संज्ञान में आने पर मुख्यमंत्री ने चमोली जिला प्रशासन के माध्यम से अनाथ बच्चों के भरण–पोषण और ठंड से बचाव के लिए आवश्यक सामान उपलब्ध कराया है। मुख्यमंत्री ने अनाथ बच्चों के लिए सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

नंधौर वन्य जीव अभ्यारण

चंपावत जिले के टनकपुर में नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य के 12वें स्थापना दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही स्कूली बच्चों को जंगल सफारी और जैव विविधता के बारे में जानकारी दी गई। उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. शालिनी जोशी के नेतृत्व में ककराली गेट स्थित नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य के स्वागत केंद्र में जन जागरूकता के उद्देश्य से छात्र–छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

ऊर्जा संरक्षण सप्ताह

ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत रुद्रप्रयाग जिले के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में ऊर्जा संरक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण एक बड़ी आवश्यकता है जो हमारे भविष्य की भलाई के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने का उद्देश्य ऊर्जा और संसाधन संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री खाती ने कहा कि ऊर्जा के संरक्षण का अर्थ है ऊर्जा का अंधाधुंध दुरुपयोग करने के बजाय बुद्धिमानी से उसका उपयोग किया जाए।